पंजाब केसरी
SAT,31 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 4

निजी स्कूलों के पास संबद्धता का अंतिम मौका

31 तक करें ऑनलाइन आवेदन

धर्मशाला, 30 अक्तूबर (ब्यूरो): शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक की संबद्धता, नवीनीकरण, स्तरोन्नयन और नई संबद्धता प्राप्त करने के इच्छुक निजी शिक्षण संस्थानों के लिए 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम मौका दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन संस्थानों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबद्धता शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होगा और ऑफलाइन या डाक से भेजे गए आवेदन मान्य नहीं होंगे।

डॉ. शर्मा ने सभी संस्थानों से अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है।

निजी शिक्षण संस्थान 31 अक्तूबर तक करें संबद्धता के लिए आवेदन : डॉ. राजेश शर्मा



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक की संबद्धता, नवीनीकरण, कक्षा स्तरोन्नयन तथा नई संबद्धता प्राप्त करने के इच्छुक निजी शिक्षण संस्थानों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिन निजी शिक्षण संस्थानों ने अभी तक संबद्धता के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 अक्तूबर तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट 222.hpbose.org के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, निर्धारित संबद्धता शुल्क का भुगतान भी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। ऑफलाइन अथवा डाक के माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि संबद्धता प्रक्रिया को निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप पूरा करना आवश्यक है। आवेदन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, नियम एवं विनियम तथा प्रॉस्पेक्टस बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने निजी शिक्षण संस्थानों को सलाह दी कि वे आवेदन करने से पूर्व सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते अपनी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने सभी संबंधित निजी शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समय सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि संबद्धता संबंधी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके।

Amar Ujala dated 31.10.2026

शिक्षा बोर्ड ने अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए मिले 1629 आवेदन किए रद्द

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर में प्रस्तावित अध्यापक पात्रता परीक्षा के 1629 आवेदनों को रद्द कर दिया है। रद्द किए गए इन आवेदनों में कुछ अभ्यर्थियों ने माता-पिता का नाम गलत लिखा था तो कई ने एक ही विषय के लिए 5-6 आवेदन किए थे।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अब अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए 38,355 अभ्यर्थी पात्र रहे हैं, जबकि ऐसे अभ्यर्थियों से 31 अक्तूबर तक फीस की स्थिति स्पष्ट करने को कहा है, जिनके नाम बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड रद्द आवेदन की सूची में शामिल हैं। बोर्ड के पास स्पेशल एजुकेटर प्री-प्राइमरी से लेकर 5वीं कक्षा तक के लिए 499, स्पेशल एजुकेटर छठी से लेकर 12वीं कक्षा तक के 133, टीजीटी आर्ट्स के लिए 14186, टीजीटी मेडिकल के लिए 4366, जेबीटी के लिए 7772, संस्कृत के लिए 2066, पंजाबी के लिए 85, उर्दू के लिए 8, नॉन मेडिकल के लिए 6315 और टीजीटी हिंदी विषय के लिए 2925 अभ्यर्थी पात्र हैं। ब्यूरो